युवाओं में असीमित क्षमताएं हैं उनका सदुपयोग करें : राज्यपाल

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) ने गुरुवार को देहरादून में सिद्धार्थ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के दीक्षांत समारोह में प्रतिभाग किया। स्रोत : सूचना विभाग

सिद्धार्थ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के दीक्षांत समारोह में बोले ले.ज. गुरमीत सिंह (सेनि.)

संवाद न्यूज एजेंसी

देहरादून। सिद्धार्थ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस का दीक्षांत समारोह बृहस्पतिवार को धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि.) ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। छात्रों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, विकसित एवं विश्व गुरु भारत के लक्ष्य को पूरा करने में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है।

समारोह में संस्थान के लॉ कॉलेज और फार्मेसी के लिए वर्ष 2021-22 और 2022-23 के उत्तीर्ण विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान की गईं। राज्यपाल ने कहा, युवाओं में असीमित क्षमताएं हैं, उनका सदुपयोग करें और राष्ट्र प्रथम की भावना से समाज की बेहतरी के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान दें। हमें अपनी संस्कृति, विरासत और हमारी प्राचीन ज्ञान प्रणाली पर गर्व करना चाहिए। हम सभी एक जिम्मेदार नागरिक बनें और राष्ट्र के प्रति अपनी जिम्मेदारी और कर्तव्यों को ईमानदारी और नैतिकता के साथ निभाएं।

इससे देश को आगे बढ़ने में मदद मिलेगी। इस अवसर पर तकनीकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. ओंकार सिंह समेत संस्थान के शिक्षक व छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।